<u>महानदी कोल्फील्डस लिमिटेड, मुख्यालय में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता विषय पर हिंदी कार्यशाला</u>

"आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्" (निरोगी होना परम भाग्य है तथा अच्छे स्वास्थ्य से ही सब कार्य सिद्ध होते हैं), इसी मंत्र को ध्यान में रखकर दिनांक 29 जून 2019 को महानदी कोल्फील्डस लिमिटेड के आनंद विहार स्थित सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजिन किया गया जिसका विषय था, "स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता"। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में एमसीएल के चिकित्सा सेवा प्रमुख **डॉ० देवाशीष गुप्ता** ने व्यवहारिक रोगों एवं स्वास्थ्य संबंधी अनेक जानकारियां प्रदान की। कार्यशाला में क्षेत्रों व मुख्यालय से आगत प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया।